तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 10 मई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

10 व्यापारिक, सामाजिक संगठनों ने किया ऑपरेशन ...


10 बरबसपुर में धार्मिक अनुष्ठान, महिलाओं ...


दूरबीन द्वारा जांच एवं ऑपरेशन | ऑडियोमेट्री एवं बेरा टेस्ट की सुविधा | किडनी डायलिसिस उपलब्ध | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन

उपलब्ध उपचार
- कान के संक्रमण, पर्दे मे छेद की समस्या
- कान की जन्मजात बीमारियों का इलाज़
- मुँह व गले के कैंसर का निदान व इलाज़
- नाक की एलर्जी, श्वास मे समस्या
- चक्कर आना
- टॉन्सिल व एडेनॉइड का इलाज़
- खर्राटों का इलाज़
- नाक की हड्डी के टेढ़ेपन का इलाज़
- नाक से खून आना, नाक मे मस्से (polyp) का इलाज़
- आवाज, श्वासनली संबंधित बीमारियों का इलाज
- थाइरोइड की समस्या का इलाज़
- नाक, कान व गले के पुराने बिगड़े हुए ऑपरेशन का इलाज़
- सुनने की जांच व मशीन (Hearing-aid) की सुविधा

डॉ. महेंद्र धवने
MS (ENT)
नाक कान गला विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क इलाज उपलब्ध
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100

## खबर संक्षेप

### लक्ष्मीपुर में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता

**तेंदूकोना।** रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता ग्राम - लक्ष्मीपुर(नवाड़ीही) में हो रहे फाइनल मैच पर पर्ची निकाल, टॉस कराकर सेमीफाइनल मैच प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य (जलसंसाधन विभाग सभापति) रवि फरोदिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण व जनपद पंचायत क्षेत्र सम्हर के जनपद सदस्य प्रतिनिधि मान पिलेश्वर पटेल, खड़ादहरा सरपंच हरीश जगत, उपसरपंच देवलाल पटेल, जनपद सदस्य तेंदुकोना धन्यजय साहू, साख समिति अध्यक्ष मुनगासेर मुकेश चंद्राकर, चारभाठा सरपंच संजय खांडे, टुरीझर सरपंच जितेंद्र साहू, नारायण पटेल, पीतांबर साहू, दुर्गेश साहू, पुष्पराज ठाकुर, दिनेश साहू, योगेश साहू, नोहर ठाकुर, पूर्व सरपंच खेदू ठाकुर, रुपेश पटेल उपस्थित रहे।

### आर्ट ऑफ लिविंग का प्रज्ञा योगा 17 से

**महासमुंद।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार महासमुंद द्वारा 17 से 20 मई तक महासमुंद में 8 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रज्ञा योगा (इंस्टीट्यूशन कोर्स) स्वाध्याय भवन महासमुंद में आयोजित किया जा रहा है इस कोर्स को लेने के लिए नागपुर महाराष्ट्र की वरिष्ठ शिक्षिका नीता चौधरी एवं योगिता चौधरी आ रही हैं। इस कोर्स में खेल एवं समूह गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को योग, प्राणायाम, ध्यान एवं सुदर्शन क्रिया सिखाया जाएगा। इस कोर्स को करने से बच्चों को सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है एवं फोटोग्राफिक मेमोरी विकसित होती है।

**जायजा :** किडनी रोग से पीड़ित को सीएम ने कहा- इलाज हम कराएंगे

# हेलीपैड से सीधे मुख्यमंत्री साय पहुंचे जिला अस्पताल, मरीजों से की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन तिहार के तृतीय चरण के तहत शुक्रवार को जिला दौरे पर रहे। हेलीपेड से सीधे वे औचक निरीक्षण पर जिला अस्पताल पहुंचे और इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और मरीजों से मुलाक़ात कर उनका हालचाल जाना।

इस अवसर पर खाद्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री ने यहां मेल वार्ड में भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान वे मेल वार्ड में भर्ती 60 वर्षीय मरीज गंगाराम से भी मिले और उनकी तबीयत के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि वे कमजोरी के कारण अस्पताल में भर्ती हुए थे, लेकिन, चार दिन के उपचार के पश्चात अब बेहतर महसूस कर रहा हूं। उन्होंने यहां की व्यवस्था, उपचार और चिकित्सकों के व्यवहार की भी सराहना की।

### किडनी के मरीज से बोले सीएम- हम कराएंगे ईलाज

मुख्यमंत्री साय ने डायलिसिस वार्ड में किडनी रोग से पीड़ति मरीजों से मुलाक़ात की और उनके इलाज व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किडनी रोग से पीड़ित मरीज अतुल चंद्राकर से आत्मीयता के साथ बातचीत की और उनके स्वास्थ्य की कुशलक्षेम पूछा। जब अतुल चंद्राकर ने किडनी ट्रांसप्लांट के संबंध में मदद मांगी तो मुख्यमंत्री ने कहा कि डोनर की व्यवस्था होने के बाद सारा खर्च हम उठाएंगे। उन्होंने भर्ती सभी 6 मरीजों से चर्चा की।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दे रही है और प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलना चाहिए। इस अवसर पर कलेक्टर विनय लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला अस्पताल स्टाफ व विभिन्न मरीज मौजूद रहे।

# पहाड़ के पीछे नाला के पास मिली टेप से मुंह बंधी लाश

### हत्या की आशंका, फ़ारेंसिक टीम पहुंची जांच के लिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

टोंगोपानी कसेकेरा मार्ग के पहाड़ के पीछे अमरिया नाला के पास टेप से मुंह बांधी गई लाश मिली है। युवक की लाश मिलने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। खबर लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक युवक के चेहरे और मुंह पर चिपके हुए टेप तथा हाथ को भी बांधे जाने से यह मामला प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।

युवक की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिलने की खबर से क्षेत्र के सैकड़ों लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर फोरेसिंक टीम के आला अधिकारी भी पहुंच चुके थे। ग्रामीणों के मुताबिक जिस तरह युवक के चेहरे पर टेप चिपका दिया गया है, उससे हत्या कर फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस जांच के बाद ही सही स्थिति का पता चल पाएगा।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के तत्वधान में ग्राम बरोंडा बाजार के ग्राम पंचायत भवन में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू द्वारा जानकारी दी गई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद की सचिव आफरीन बानो के मार्गदर्शन में प्रबंध कार्यालय तथा तालुका स्थित न्यायालय के आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों द्वारा भी 10 मई 2025 शनिवार को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण आपसी सुलह समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण हो सके, इस उद्देश्य से वृहद रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्राधिकरण के सचिव आफरीन बानों द्वारा ग्राम बरोंडा बाजार के पंचायत भवन पहुंचकर उपस्थित ग्रामीणजनों को विधिक जागरूकता संबंधी जानकारी देते हुए नेशनल लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में जानकारी देते हुए सचिव आफरीन बानो ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार संपूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिसके लिए जिला न्यायालय महासमुंद अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए खंडपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्री.लिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा।

# फसल बीमा का कमीशन देने किसानों को लेना पड़ रहा कर्जः अंकित

### कांग्रेस नेता अंकित ने कहाः कमीशन की राशि लौटाने वे किसानों के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

फसल बीमा की राशि खातों में तो आई लेकिन, यह राशि किसानों की केसीसी में समायोजित हो गई। इधर, कमीशन देने के लिए किसानों को फिर से कर्ज लेना पड़ रहा है। फसल बीमा के तहत मिले मुआवजा में से 25 प्रतिशत तक कमीशन की वसूली का आरोप लगाते हुए खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने कहा है कि इसकी उच्च स्तरीय जांच होगी तो कई चेहरे बेनकाब होंगे।

स्थानीय प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान अंकित बागबाहरा ने कुछ किसानों द्वारा इस आरोप की पुष्टि करते हुए बाकायदा उनके द्वारा लिखे गए पत्र भी साझा किए। अंकित ने कहा है कि पीड़ित किसान सामने आए और शिकायत करें, वे उनका पैसा पीएम मोदी के नाम की योजना में पीएम के पार्टी के ही लुटेरों से वापस दिलाएंगे। उन्होंने जांच पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि विभाग द्वारा जांच का जिम्मा उन्ही आरईओ लोगों को दिया गया जिनपर इस कमीशनखोरी की मिली भगत में शामिल होने का आरोप है। गांव में न मुनादी कराई गई न सूचना, केवल अपने कुछ सीखाए पढ़ाए गए किसानों का बयान लेकर मामले में कोई सच्चाई नहीं होने की बात कही जा रही है। मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए अंकित ने कहा कि फसल बीमा कमीशन वसूलीकर्ताओं ने दी जान



से मारने की धमकी दी उन्हें इसकी बिल्कुल भी चिंता नहीं। जीरो टॉलरेंस और सुशासन तिहार के बीच वसूली जारी है, अंकित ने आरोप लगाया कि खुद को किसानों का हितैषी कहने वाली भाजपा सरकार के लोग ही किसानों को डरा-धमका कर पैसे ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नाम पर वोट लेते हैं और फिर उन्हीं के नाम की योजनाओं में किसानों को लूटते हैं, इससे बड़ा धोखा क्या हो सकता है? उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों, फसल बीमा कंपनी के अफसरों व राजस्व विभाग कर्मियों पर मिली भगत का आरोप लगाया है। प्रेस वार्ता में अंकित बागबाहरा ने बताया कि जिन ग्रामों को ज्यादा मुआवजा प्राप्त हो रहा है, वहां पर भाजपा से जुड़े व्यक्ति, कृषि विभाग के अधिकारी व बीमा विभाग के कर्मचारियों, राजस्व विभाग व पटवारियों द्वारा बीमा राशि में से कमीशन लिया जा जा रहा है। किसानों को कहा जा रहा है कि अभी पैसा दोगे तो तीन साल तक फायदा पहुंचाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को डराया भी जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में इसकी शिकायत भी की गई थी। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

#### जान से मारने की धमकी देने की शिकायत

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि 8 मई को तेंदूकोना से एक शादी कार्यक्रम से लौटने के दौरान कुछ लोगों ने रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज की। उन्हें फसल बीमा के मामले में हो रही कमीशनखोरी के मामले शांत रहने धमकाया गया। उन्होंने घटना की शिकायत बागबाहरा एसडीओपी से करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411



## खबर संक्षेप

### कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम, कुणाल प्रथम



**नर्रा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुनगासेर में दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में प्रथम कुणाल 81 प्रतिशत, द्वितीय चंद्रशेखर 80 और तृतीय माही 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल एवं माता पिता का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य दीवान समेत पूरे स्टॉफ व युवा विकास मंच मुनगासेर से ललित पटेल, पुरषोत्तम ठाकुर, चंद्रिका ध्रुवशी, टीकम पटेल, प्रेम निषाद, रामनारायण साहू, उमाशंकर ध्रुवंशी, जोगिंदर निषाद, होरीलाल पटेल, रेखराम ध्रुव, देवसिह ध्रुवशी, सत्यनारायण, रवि, गजेंद साहू, धनेश साहू इत्यादि ने हर्ष जताया है।

### दसवीं परीक्षा में खुशी रही अव्वल



**बागबाहरा।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में नरबदी देवी मुंशीलाल अग्रवाल हाईस्कूल बागबाहरा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 79 प्रतिशत रहा। संस्था की छात्रा खुशी पिता धनंजय देवांगन ने 95.66 प्रतिशत अंक कक्षा में द्वितीय स्थान भाविका सिंह राजपूत पिता नारायण सिंह राजपूत 87.16 प्रतिशत, तृतीय स्थान कल्पना पिता महेश देवांगन ने 80.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। खुशी पिता धनंजय देवांगन ने बागबाहरा ब्लाक में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बागबाहरा शिक्षा समिति के अध्यक्ष देवीचंद श्रीमाल, सचिव लालचंद जैन, संरक्षक अजय तिवारी, सुरेश अग्रवाल, हाजी अब्दुल रज्जाक भाई एवं संतोष अग्रवाल, मंजू कालिया, दीपक अग्रवाल, महावीर चंद जैन, लखवीर छाबड़ा ने हर्ष जताया। एवं समस्त पदाधिकारियो व सदस्यों तथा सस्था की प्राचार्य दीपा वास्तव एवं समस्त शिक्षक, कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### शिशु संस्कार केंद्र में दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित





**महासमुंद।** छग माशिमं द्वारा संचालित 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में उपासना यादव 93 प्रतिशत, करूणा जोशी 92.8, कमलेश कुमार यादव 88 तथा कुल विद्यार्थियों की संख्या में से 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 12वीं में 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, सचिव शरद मालू, प्रबंधक मनोहर महांती शाला के प्राचार्य अवनीश वानी प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, सहप्रधानाचार्य भावना गांधी व शाला परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बरबसपुर में धार्मिक अनुष्ठान, महिलाओं ने निकाली कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरकोनी

ग्राम बरबसपुर में राम जानकी, शिव पार्वती, राधाकृष्ण, हनुमान मंदिर में तृतीय स्थापना दिवस पर भव्य कलश शोभायात्रा के साथ धर्मिक अनुष्ठान हुआ। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। प्रातः 10 बजे सैकड़ों महिलाओं व बालिकाओं ने पीले वस्त्र धारण कर, सिर पर कलश लेकर ग्राम के मुख्यमार्ग से यात्रा का शुभारंभ किया। कलश शोभायात्रा राम जानकी मंदिर से निकाली गई। बाजार चौक, साहू पारा, भाठापारा, यादव पारा से महानदी में विधि विधान से कलश में जल अर्पित किया। फिर मुख्य मार्ग ठाकुर देवता मंदिर से होते हुए मंदिर स्थल पर पहुंची।

आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के जाप से परंपरागत पूजा अर्चना की गई। भगवान का शाही स्नान, गंगाजल अभिषेक, दुग्ध अभिषेक, चालीसा पाठ,ओम नमः शिवाय, राम, कृष्णा जाप व पूजा अर्चना किया। मन्दिर में मंदिर में शिखर स्थापना व ध्वजारोहण, यज्ञपूर्णाहूति के साथ संपन्न किया। प्रभातफेरी में भक्तों ने गाजे बाजे के



साथ भक्तों ने भगवा ध्वज लहराया। चौक चौराहों में आतिशबाजी की गई। श्रद्धालु जमकर झूमे। मंदिर परिसर में शारदा रानी महिला मानस परिवार सोरिद, बस्तरिया मानस परिवार उत्तर बस्तर कांकेर, विंध्यवासिनी मानस बालक परिवार बोडरा धनेली, राम रुचि महिला मानस परिवार कोलिहारी भखारा मानस मंडलियों द्वारा मानसगान प्रस्तुत किया गया।

आम भंडारा का आयोजन दोपहर 3 बजे किया गया। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण किया। महाआरती में मुख्य अतिथि अध्यक्ष बीज निगम चंद्रहास चंद्राकर, अध्यक्ष भाजपा येतराम साहू, जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि सरपंच सत्यवती महेंद्र प्रताप सोनवानी, जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े पहुंचे। इस अवसर पर आयोजक समिती के सदस्य रामा यादव, हरीशचंद्र यादव, सन्तोष सेन, कमलेश साहू, रोशन दास मानिकपुरी, चमरू निषाद, वासु चंद्राकर, कमल चंद्राकर, अशोक साहू, वेदप्रकाश चंद्राकर, डोमन साहू, पिंकू चंद्राकर, गणेश साहू, सतीश साहू, गजेंद्र साहू, गोविंदा साहू, जितेंद साहू, लक्ष्मण निर्मलकर, तोषण निर्मलकर आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

उत्साह : उत्सव का माहौल, बांटी मिठाइयां, लगाए भारत माता की जय के नारे

# व्यापारिक, सामाजिक संगठनों ने किया ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी को सलाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में राष्ट्रभक्ति का माहौल है। आतंकवाद के खिलाफ भारतीय जवानों द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर अंचल के लोगों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी को सलाम किया।



साथ ही मिठाइयां बांटी और भारत माता की जय के नारे लगाए। व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि भारत सरकार ने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर सबक सिखाया है। मोदी सरकार ने एक बार फिर दिखा दिया कि यह नया भारत है, जो बात कम और कार्रवाई ज्यादा करता है।

आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर ध्वस्त किया। जिसमें कई आतंकियों को मार कर पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया है। इस हेतु प्रधानमंत्री जी एवं भारतीय सेना का आभार व्यक्त करने शाम को जय स्तम्भ चौक में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने आतिश बाजी किया एवं मिठाई बांट कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपाइयों ने तिरंगा झंडा फहराया एवं भारत माता की जयकारा करते हुए भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए।

पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पाकिस्तान के झंडे को पैरों से कुचला। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा,ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल (मिलो), वरिष्ठ भाजपा नेता बिहारी लाल अग्रवाल, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पुष्पलता चौहान, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सीता सतपथी, जिला महिला मोर्चा महामंत्री तेरेश्वरी नायक, जिला विधि प्रकोष्ठ संयोजक स्वर्ण सिंह सलूजा, वरिष्ठ भाजपा नेता दाशरथी यदु, मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल, डॉ प्रकाश पटेल, मुकेश चौधरी, डॉ आशीष दास, मुरली नायक, मो अख्तर, पूर्व पार्षद जेपी यादव, हितेश यादव, राजू सलूजा,मनोज दास,नेपाल बीसी, दुबराज प्रधान, किशन जायसवाल, विदित धनानिया, आशीष सेन, शिवा जायसवाल, कमल अग्रवाल, तरुण बारीक, कन्हैया पटेल, पार्षद युवराज गोस्वामी, चंद्र मणि भाई, मोती लाल पटेल, इकबाल, आदर्श गुप्ता भाजपा जन एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

### मोदी ने जो कहा वह कर दिखाया

किराना व्यापारी संघ के राजेश अग्रवाल ने ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत जय हिंद और जय हिंद की सेना के साथ किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय स्तंभ चौराहे पर जश्न मना कर आतिशबाजी की गई और मिठाई का वितरण करके कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। और कहा कि भारत की सनातनी जनता चाहती है कि पाकिस्तान के खिलाफ हमला करके पाकिस्तान को पूर्ण रूप से खत्म कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 9 जगह हुई स्ट्राइक के लिए हम भारतीय सेना का उनका हृदय से धन्यवाद देते है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा वह कर दिखाया।

# क्षत्रिय समाज ने मनाई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

स्थानीय राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन समाज के जिला अध्यक्ष युवा संगठन कल्याण प्रताप सिंह राजपूत के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन व महाराणा प्रताप के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर कल्याण प्रताप सिंह राजपूत ने महाराणा प्रताप के जीवन, शौर्य और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके आदर्शों को अपनाने की अपील की। इस दौरान काजल सिंह राजपूत, लक्ष्मी सिंह, साक्षी सिंह ठाकुर, अमिशा सिंह ठाकुर, अनिका सिंह, कमल प्रताप सिंह, अनिमेष प्रताप सिंह, आदर्श प्रताप सिंह, अविनाश सिंह एवं आशीष सिंह सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# खल्लारी के मेधावी लोमेश यदु का किया सम्मानः अंकित

**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि 10 वीं 12वीं की प्रवीण्य सूची में बागबाहरा विकासखंड के दो बच्चों ने स्थान बनाया है, जिसकी खुशी बांटने के लिए और बच्चे को बधाई देने अंकित बागबाहरा पचेड़ा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में अध्ययनरत व हाड़ाबंध निवासी लोमेश यदु को दसवीं में 96.3 अंक लाकर महासमुंद जिले में 10वां स्थान बनाने पर हर्ष जताया। अंकित ने बताया कि लोमेश यदु और तन्नू ने न केवल पूरे परिवार का बल्कि साथ साथ बागबाहरा विकासखंड व खल्लारी विधानसभा का नाम ऊंचा किया है।



लोमेश ने अंकित को बताया कि वो 11 में गणित विषय लेना चाहता है और आगे जाकर शिक्षक बन युवाओं को आगे लाना चाहता है। शुरू से ही मेघावी लोमेश ने 8वीं में भी 91 प्रतिशत अंक लाया था। अंकित ने बताया कि लोमेश का जीवन बड़ी कठिनाइयों भरा रहा, पहले पिता राजेश यदु कोरोना में जिला अस्पताल में इलाज करवाते हुए चल बसे, अभी बड़ा भाई उकलेश यदु 18 वर्ष 14 अप्रैल को एक्सीडेंट से सोहम अस्पताल में कोमा में है और इलाज करा रहा है। लोमेश के परिवार में मां और भाई के साथ ही रहता है,उसके पास 1 रुपए वाला प्राथमिकता राशन कार्ड है। वर्तमान में आर्थिक स्थित में विषम परिस्थितियों का सामना कर रहा है। अंकित ने बताया कि आज लोमेश का फल देकर सम्मान किया। इस अवसर पर अंकित बागबाहरा के साथ कोमल महानंद, हर्ष चंद्राकर, अजय वास्तव, लक्ष्मी यदु मां, खेमिन बाई आदि उपस्थित थे।

### आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**महासमुंद।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु समग्र शिक्षा अंतर्गत जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुनसुनिया विखं बागबाहराक, स्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लाखागढ़ विखं पिथौरा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंसुला विखं बसना में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए प्रवेश फार्म का वितरण उक्त आवासीय विद्यालय में 1 मई 2025 से प्रारंभ हो गया है। प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून 2025 तक है। सुनसुनिया में छठवीं में 34, लाखागढ़ में 39, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बंसुला में कक्षा छठवीं में 33 रिक्त है।

# प्राप्त आवेदनों के निराकरण को लेकर प्रशासनिक रिपोर्ट की धज्जियां उड़ाना शर्मनाकः चोपड़ा

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा ने कमिश्नर एवं कलेक्टर की उपस्थिति में सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में प्रशासनिक रिपोर्ट की धज्जियां उड़ाए जाने को शर्मनाक बताया है। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि राजस्व विभाग के मुखिया की उपस्थिति में उनके विभाग की धज्जियां उड़ती रहने और उनके मौन से लगता है कि सारा कुछ उनकी जानकारी एवं सहमति से हो रहा है। महासमुंद तहसील एवं अनुविभागीय कार्यालय के भ्रष्टाचार के संबंध में कलेक्टर से शिकायत के बाजजूद किसी प्रकार



की कार्रवाई न होना अनेक संदेह को जन्म देता है। तहसील कार्यालय में शिकायतकर्ताओं को बुलाकर धमकाने एवं सीसीटीवी कैमरे को निकालने की घटनाओं की जानकारी भी कलेक्टर को देने पर उनके द्वारा कोई कार्रवाई न करना प्रशासन की उपेक्षा का धोतक है। मेरे द्वारा स्वयं कलेक्टर को तीन माह पूर्व आम जनता के कामों पर आ रही कठिनाइयों की जानकारी देने के बावजूद मात्र आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला। महासमुंद तहसील कार्यालय में खुले आम चल रहे भ्रष्टाचार की जानकारी भी कलेक्टर को दी गई, लेकिन उसकी जांच में भी कोई प्रगति नहीं है।

### पटपरपाली की बेटी तन्नू ने 12वीं बोर्ड में हासिल किया तीसरा स्थान

**तेंदूकोना।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से 7 मई 2025 को सीजी बोर्ड 10वीं, 12वीं रिजल्ट जारी कर दिया गया है। सीजी बोर्ड रिजल्ट को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा घोषित किया गया। ग्राम पंचायत पटपरपाली (कोमाखान) के गौरव के रूप में नारी शक्ति को समर्पित, बेटी पढ़ेगी तभी बढ़ेगी और विकास गड़ेगी को सार्थक करते हुए पटपरपाली निवासी थनवार साहू एवं ओम बाई की सुपुत्री तन्नू साहू ने 12वी कला संकाय में 93.4 प्रतिशत अंक लाकर ना केवल ग्राम पंचायत पटपरपाली अपितु पूरे महासमुंद जिले में तीसरा स्थान पाकर जिले व बागबाहरा विकासखण्ड का गौरव भी बढ़ाया है। ग्राम पंचायत पटपरपाली सरपंच लता कमलेश टांडेय एवं पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय ने तन्नू साहू से भेंटकर उनकी मेहनत एव लगन के लिए उन्हें पुरष्कृत किया। सरपंच लता कमलेश टांडेय ने कहा कि पटपरपाली की तन्नू साहू ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टेमरी सरकारी स्कूल से पढ़ाई कर मेहनत से 12वीं बोर्ड परीक्षा में 93.4 प्रतिशत अंक हासिल कर महासमुंद जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जिससे महासमुंद जिले का गौरव बढ़ा। उनकी इस उपलब्धि ने साबित किया कि मेहनत और लगन से सरकारी स्कूलों में भी उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। पटपरपाली गांव की निवासी तन्नू ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों और स्कूल के शिक्षकों को दिया।

# बलौदा महाविद्यालय में मनाया गया विश्व रेडक्रॉस दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय, बलौदा में विश्व रेड क्रॉस दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर किशोर कुमार तिवारी ने की। कार्यक्रम में यूथ रेड क्रॉस प्रभारी अधिकारी रमेश पटेल द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से यूथ रेड क्रॉस की उत्पत्ति, उद्देश्य एवं कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यूथ रेड क्रॉस का उद्देश्य युवाओं में सेवा, मानवता, करुणा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जागृत करना है। उन्होंने आपातकालीन सहायता, स्वास्थ्य जागरूकता, रक्तदान एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों पर विशेष प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण अनिता पटेल, कमला दीवान, किरण कुमारी, जितेंद्र पटेल, डॉ. गजानंद नायक, एंजेला लकड़ा, रश्मि निबर्गिया एवं अतिथि व्याख्याता माधुरी प्रधान, ऋतुराज भोई की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कमला दीवान ने कहा कि रेड क्रॉस केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक विचार है जो हर आपदा और संकट के समय मानवता की सबसे मजबूत ढाल बनकर सामने आता है। जितेंद्र पटेल ने युवाओं से आह्वान किया कि हमें सिर्फ सहायता प्राप्त करने वाले नहीं, बल्कि सहायता देने वाले बनना चाहिए – यही यूथ रेड क्रॉस का संदेश है। डॉ. गजानंद नायक ने रेड क्रॉस के वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य, प्राथमिक चिकित्सा एवं जागरूकता जैसे विषयों पर युवाओं को प्रशिक्षित करना समय की मांग है। रश्मि निबर्गिया ने विश्व थेलेसेमिया दिवस पर छात्रों को जागरूक किया। प्राचार्य प्रो. किशोर कुमार तिवारी ने रेड क्रॉस के सिद्धांतों की सराहना करते हुए छात्रों से जीवन में मानवता एवं सेवा के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय कार्यालयीन स्टाफ प्रेरणा प्रधान, विद्याकांत कश्यप, विनोद मिर्धा, मुकेश नाग, दुर्योधन सिदार एवं सूर्यकांति बाघ ने विशेष योगदान दिया।

# वीर अहीर रज राष्ट्रीय कलश यात्रा का स्वागत की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे वीर अहीर शहादत सम्मान राष्ट्रीय रज कलश यात्रा का उद्देश्य अहीर रेजिमेंट की स्थापना जातिगत जनगणना एवं यादव समाज में सामाजिक सांस्कृतिक राजनीतिक चेतना का जागरण करना है।

इस महत्वपूर्ण अभियान को सुचारू रूप प्रदान करने के लिए रेजागला वीर भूमि रज राष्ट्रीय कलश यात्रा के संयोजक दिनेश यादव की अगुवाई में बिहार के छपरा में 13 अप्रैल को शुभारंभ अवसर पर अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वप्न कुमार घोष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शताब्दी समारोह चेयरमेन सत्य प्रकाश सिंह यादव के विशेष उपस्थिति में राष्ट्रीय कलश यात्रा का प्रारंभ किया गया। इस संबंध में अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय सचिव छत्तीसगढ़ के प्रमुख महासचिव इंजी. एसडी यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में निवासरत सभी यादवों को एकता के सूत्र में बांधकर विकास की दिशा में अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ में कार्य कर रहा है। भारत वीर भूमि के शहीद अहीरों को श्रद्धांजलि देना हर एक यादव का कर्तव्य है। राष्ट्रीय स्तर पर अहीर रेजीमेंट की मांग को लेकर एवं जाति जनगणना सहित यादव में राजनीतिक क्षेत्र में जागरण के उद्देश्य से निकाले गए इस राष्ट्रीय वीर भूमि रज कलश यात्रा के छत्तीसगढ़ पहुंचने पर भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव सहित ब्रिगेडियर प्रदीप यदु राष्ट्रीय संयोजक अहीर रेजिमेंट मांग अभियान समिति, राष्ट्रीय सचिव डीआर यादव कलश यात्रा प्रभारी छत्तीसगढ़, मंजु यदु राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, मिथिलेश यादव प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, लक्ष्मी यादव कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, माधुरी यादव कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश महिला प्रकोष्ठ, नरेंद्र कुमार यादव वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामाश्रय यादव, महामंत्री शिवकुमार यादव, अनिल यादव जिला कार्यकारी अध्यक्ष रायपुर, जिला अध्यक्ष गिरधारी यादव जांजगीर चांपा, संगीता यादव जिला महिला अध्यक्ष, अंशु गोपेश यादव युवा जिला अध्यक्ष जांजगीर चांपा, ममता यादव प्रदेश सचिव, जिला अध्यक्ष जय किशन यादव रायगढ़, संतोष यादव, अशोक यादव, बृजेश यादव, पप्पू यादव, जतिराम यादव, बीपी गोपाल, कमलेश यादव, सतीश यादव, विनोद यादव जिला अध्यक्ष महासमुंद, पवन यादव ब्लॉक अध्यक्ष सरायपाली, अमर यादव, संजय यादव, जगदीश यादव, छोटे लाल यादव, सुरेंद्र यादव, कन्हैया यादव, शत्रुघन यादव, मनोज यादव, लक्ष्मण यादव, लक्ष्मी यादव, केवी यादव, बिहारी यादव, राजेंद्र यादव, रमाकांत यादव, सदन यादव, सरायपाली से संरक्षक मनोरथ लाल यादव, रथराम यादव, संरक्षक ध्रुव मलिक यादव, दासरथी यदु, रामरथ यादव, दिनेश कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव राजू, ज्योति कुमार ठेठवार यादव, मंगत राम यादव, मनीराम यादव, राजाराम यादव, छ्तर सिंह यादव, तुषार यादव, ईशान यादव, कोमल यादव, अंबर यादव, मयंक यादव, बसना से संजय यादव, धनंजय यादव, राजेश यादव, बृजेश यादव, पदमन यादव, बाला प्रसाद यादव, मुकेश यादव, सारंगढ़ से रामनारायण पुजारी यादव, सक्ती से गोकुल यादव, गोविंद यादव, दिलचंद यादव, लाला यादव, दीपक यादव आदि यादव समाज के प्रदेश जिला पदाधिकारी सहित समस्त जिला अध्यक्ष तैयारी में जुटे हुए हैं। 26.05.2025 को सरायपाली में आम सभा रात्रि में होगी हॉल्ट भी रहेगा।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


मा.विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री (छ.ग.)
मा.रमन सिंह
विधानसभा अध्यक्ष (छ.ग.)
मा. विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री (छ.ग.)
मा. अरूण साव
उप मुख्यमंत्री (छ.ग.)
मा. किरण सिंह देव
छतीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष (बीजेपी)
मा. रूपकुमारी चौधरी
सांसद, महासमुंद
मा. ओपी चौधरी
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. केदार कश्यप
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
टंकराम वर्मा
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. दयालदास बघेल
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. लखन देवांगन
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. लक्ष्मी रजवाड़े
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. रामविचार नेताम
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा.श्यामबिहारी जयसवाल
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
जीवेत शरदः शतम्
बसना विधानसभा क्षेत्र के विकास पुरुष, माटी पुत्र,
जनप्रिय, जनसेवक, यशस्वी विधायक माननीय
मान. डॉ. सम्पत अग्रवाल जी
को
जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएँ
10 मई
मान. डॉ. सम्पत अग्रवाल
विधायक विधानसभा, बसना
सुमीत अग्रवाल
पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत बसना


मा.विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री (छ.ग.)
मा.रमन सिंह
विधानसभा अध्यक्ष (छ.ग.)
मा. विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री (छ.ग.)
मा. अरूण साव
उप मुख्यमंत्री (छ.ग.)
मा. किरण सिंह देव
छतीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष (बीजेपी)
मा. रूपकुमारी चौधरी
सांसद, महासमुंद
मा. ओपी चौधरी
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. केदार कश्यप
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
टंकराम वर्मा
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. दयालदास बघेल
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. लखन देवांगन
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. लक्ष्मी रजवाड़े
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. रामविचार नेताम
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा.श्यामबिहारी जयसवाल
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
बसना विधानसभा क्षेत्र के विकास पुरुष, माटी पुत्र,
जनप्रिय, जनसेवक, यशस्वी विधायक माननीय
जीवेत शरदः शतम्
मान. डॉ. सम्पत अग्रवाल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
10 मई
सुमीत अग्रवाल
पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत बसना
मान. डॉ. सम्पत अग्रवाल
विधायक विधानसभा, बसना
ऋषिकेशन दास
जर्नलिस्ट बसना
जसवंत सिंग सलूजा (जस्सी)
अध्यक्ष गुरु सिंघ सभा, बसना
महेन्द्र जायसवाल
जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी रायपुर
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
जर्नलिस्ट आर.के.दास (अधिकृत पत्रकार, बसना-महासमुंद) आदर्श नगर बसना 7400503002, 8319871590







संकलनकर्ता : जाकिर कुरैशी, मो. 9977017786 एवं ललित मुखर्जी पिथौरा, मो. 9111194424